पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०

(राज्यपाल सूचना परिसर)

———————

मा0 राष्ट्रपति के लखनऊ आगमन पर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने स्वागत एवं अभिनंदन किया

—————

लखनऊः 5 जून, 2022

देश के माननीय राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविन्द जी तथा देश की प्रथम महिला श्रीमती सविता कोविन्द जी के लखनऊ आगमन पर अमौसी एअर पोर्ट पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुष्प भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। तत्पश्चात मा0 राष्ट्रपति जी व उनकी पत्नी के राजभवन आगमन पर राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने अंगवस्त्र भेंट कर उनका स्वागत किया।

माननीय राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविन्द ने राजभवन में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को उनके जन्मदिन पर केक खिलाकर हार्दिक बधाई दी।

इस अवसर पर राज्यपाल जी के अपर मुख्य सचिव श्री महेश कुमार गुप्ता सहित राजभवन के समस्त अधिकारीगण उपस्थित थे।

———————

चन्द्र विजय वर्मा–सूचना अधिकारी/राजभवन (214/3)

सम्पर्क सूत्र–9044381834

मा0 राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद जी का दिनांक 5 जून 2022 को लखनऊ अमौसी एयरपोर्ट पर मा0 राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल एवं मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी स्वागत करते हुए